भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1112
उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2023

डाक विभाग के अंतर्गत कार्य कर रहे संस्थान

1112. श्री भागीरथ चौधरी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में डाक विभाग के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्यरत संस्थानों की संख्या और इन संस्थानों में स्वीकृत पदों तथा मौजूदा पदों की संख्या का जिला-वार और संस्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन संस्थानों के विभिन्न संवर्गों में संस्थानों और विभिन्न पदों को मंजूरी देने के मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अजमेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में डाक विभाग के विभिन्न संस्थानों में स्वीकृत पदों की तुलना में मौजूदा पदों की संख्या में भारी अंतर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का उक्त विसंगतियों को यथाशीघ्र दूर करने के लिए कोई कार्ययोजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या बढ़ती हुई जनसंख्या और कार्यभार को ध्यान में रखते हुए सरकार का अजमेर, किशनगंज, केकली, विजयनगर, नसीराबाद और पुष्कर शहरी क्षेत्रों में बेहतर डाक प्रणाली के लिए आगामी बजट अर्थात् वर्ष 2023-24 के बजट में डाकिया के पद को मंजूरी देने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) राजस्थान डाक सर्कल में डाक विभाग का कोई संस्थान कार्यरत नहीं है।

(ख) से (घ) उपरोक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) और (च) इस चरण पर ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****